यौगिक डाई (Compound die) :- जिस डाई मे दो या तीन कर्तन संक्रियाएं प्रेस के एक ही स्टेशन पर रैम के प्रत्येक आघात के सम्पन्न की जा सके ऐसी डाई को यौगिक डाई कहते हैं। जिसका उपयोग वाशर काटने के लिए किया जाता है। रैम के प्रत्येक आघात वाशर काटने में डाई मे एक ब्लैंक डाई तथा एक तीखी भेदन पंच रैम के साथ बोल्टो द्वारा कसा जाता है। ब्लैंक डाई के अन्दर दो प्लेटो पर तथा निचली डाई की दोनो स्तरों पर कसी रहती है। ब्लैंक संक्रिया के लिए एक पंच भी भांति कार्य करती है। जब रैम नीचे की ओर आता है। तो नीचली डाई की बाह्य कर्तन कोरो द्वारा सर्वप्रथम धातु का ब्लैंक सम्पन्न होता है। संक्रियाए के अन्त में ऊपरी ब्लैंकन डाई के अन्दर लगी हुई स्प्रिंग आरित विगलक प्लेट द्वारा वाशर को बाहर की तरफ निकाल लिया जाता है। धातु चादर को अपनी खीसकर फिर रैम के अगले आघात में दूसरा वाशर काटने के लिए उसे निचले डाई ब्लाक के ऊपर रखा जाता है। तथा उपरोक्त क्रिया पुनः दोहराई जाती है। इस प्रकार के प्रत्येक आघात मे एक नया वाशर बनकर तैयार हो जाता है।

Scanned with CamScanner